भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या †2384**
दिनांक 06.08.2024 को उत्तरार्थ

**भारत नेट परियोजना**

**†2384. श्री राजीव राय:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ऐसी योजनाओं के नाम क्या हैं जिनके तहत सरकार द्वारा वर्तमान में केन्दीय वित्त आयोग की धनराशि के अतिरिक्त जिला परिषदों, ब्लॉक समितियों तथा ग्राम पंचायतों को सीधे तौर पर धनराशि जारी की जा रही है;

(ख) क्या भारतनेट परियोजना के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(ग) यदि हां, तो लक्ष्य के अनुपात में कितनी पंचायतों में कार्य पूरा हो चुका है तथा राज्य-वार इसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ग्राम पंचायतों में लंबित कार्य पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ड़) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) पंचायती राज मंत्रालय राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के एक केंद्रीय घटक, पंचायतों का प्रोत्साहनीकरण योजना (आईओपी) के तहत, वर्ष 2021-22 से जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर पंचायतों को सीधे धनराशि जारी करता है और धनराशि केवल उन्हीं पंचायतों को जारी की जाती है, जो मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रतियोगिता जीतती हैं।

(ख) से (ङ) ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार दूरसंचार विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देश में 2.6 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। दिनांक 30.06.2024 तक, 2,13,398 ग्राम पंचायतों (82.1%) को सेवा के लिए तैयार कर दिया गया है। नेटवर्क को मजबूत करने और इसका विस्तार करने के लिए संशोधित भारतनेट

कार्यक्रम को दिनांक 04.08.2023 को मंजूरी दी गई है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत नेटवर्क के निर्माण का चरण परियोजना को अवार्ड करने की तिथि से तीन साल है। राज्यवार और चरणवार सेवा के लिए तैयार/योजनाबद्ध भारतनेट कार्यक्रम का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

***

**अनुबंध**

**भारतनेट परियोजना के संबंध में दिनांक 06.08.2024 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2384 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**देश में ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए राज्यवार और चरणवार सेवा के लिए तैयार /योजनाबद्ध भारतनेट कार्यक्रम**

| क्र. सं. | राज्य | चरण-I और II में नियोजित | चरण-I और II में सेवा के लिए तैयार | नियोजित संशोधित भारतनेट कार्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | असम | 1507 | 1507 | 1158 |
| 2 | बिहार | 8340 | 8340 | 65 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 10031 | 9695 | 1680 |
| 4 | हरियाणा | 6082 | 6082 | 174 |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | 1105 | 1099 | 3194 |
| 6 | कर्नाटक | 6084 | 6084 | 6 |
| 7 | केरल | 978 | 978 | 0 |
| 8 | मध्यप्रदेश | 17850 | 17850 | 5008 |
| 9 | महाराष्ट्र | 27689 | 24394 | 250 |
| 10 | पंजाब | 12668 | 12668 | 669 |
| 11 | राजस्थान | 8776 | 8776 | 2576 |
| 12 | उत्तर प्रदेश(पूर्व) | 34439 | 34231 | 8633 |
| 13 | उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 12472 | 12386 | 3746 |
| 14 | उत्तराखंड | 1994 | 1984 | 5943 |
| 15 | पश्चिम बंगाल | 2679 | 2677 | 661 |
| 16 | सिक्किम | 173 | 35 | 12 |
| 17 | चंडीगढ़ | 12 | 12 | 0 |
| 18 | लक्षद्वीप | 10 | 9 | 0 |
| 19 | अरुणाचल प्रदेश | 1156 | 1108 | 803 |
| 20 | नागालैंड | 236 | 233 | 771 |
| 21 | मणिपुर | 1536 | 1469 | 1400 |
| 22 | मिजोरम | 541 | 530 | 243 |
| 23 | त्रिपुरा | 740 | 740 | 439 |
| 24 | मेघालय | 719 | 697 | 1138 |
| 25 | गुजरात | 14320 | 14316 | 4 |
| 26 | दमन एवं दीव | 18 | 18 | 0 |
| 27 | दादरा एवं नगर हवेली | 20 | 20 | 0 |
| 28 | पुदुचेरी | 98 | 98 | 12 |
| 29 | आंध्र प्रदेश | 12955 | 12955 | 526 |
| 30 | तेलंगाना | 12733 | 10812 | 132 |
| 31 | ओडिशा | 6788 | 6785 | 10 |
| 32 | झारखंड | 4393 | 4388 | 23 |
| 33 | हिमाचल प्रदेश | 411 | 409 | 3204 |
| 34 | लद्दाख | 193 | 193 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 35 | गोवा | 0 | 0 | 191 |
| 36 | तमिलनाडु | 12525 | 9748 | 0 |
| 37 | अंडमान और निकोबार | 72 | 72 | 0 |
| | **कुल** | **222343** | **213398** | **42671** |

***